# कास्ट बेनिफिट एनालिसिस

जुन्नारदेव विकासखण्ड के अंतर्गत मार्ग रामपुर से चंदनिया कोयलवाड़ी के निर्माण के समय ग्राम चंदनिया कोयलवाड़ी (ज.सं.–498) एवं ग्राम कान्हारा सिन्दरईमउ (ज.सं.–443) के लगभग 150 ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। उक्त मार्ग के निर्माण में शासन द्वारा लगभग 5 करोड़ रूपये का व्यय किया जावेगा। मार्ग निर्माण पश्चात् ग्रामीणों को शिक्षा रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्थाओं से लाभ प्राप्त होगा।

1. मार्ग निर्माण के पश्चात् लक्ष्य ग्राम तक आवागमन हेतु परिवहन की व्यवस्था से लाभ प्राप्त होगा। यहाँ पर पाई जाने वाली दुर्लभ जड़ी–बूटियाँ औषधीय उपयोग हेतु जिला मुख्यालय में भेजी जावेगी। जिनसे इनका प्रयोग सुनिश्चित किया जायेगा। मार्ग निर्माण के पश्चात् उक्त ग्रामों में की जाने वाली पारंपरिक खेती को आधुनिकरण प्राप्त होगा। जिससे अधिक फसल प्राप्ति से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मार्ग में आने वाले वृक्षों की कटाई के उपरांत दुगुनी संख्या में औषधीयुक्त पौधों का रोपण किया जावेगा। जिससे भविष्य में ग्रामीणों के लिये अच्छी आय के साधन के रूप में विकसित होगें। जिससे आर्थिक व सामाजिक विकास में व्यापक बदलाव आयेगा ।
2. वन मार्गो के निर्माण से वन विभाग के अमले को वन क्षेत्र के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण में बारहमासी सुविधा प्राप्त होगी ।


**महाप्रबंधक**
म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 3 छिंदवाडा